# राजकीय महाविद्यालय पनारसा, मंडी (हि.प्र.)

## हिंदी माह समापन समारोह

राजकीय महाविद्यालय पनारसा में हिंदी माह के समापन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कोटाधार के प्रधान ललित ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उरसेम लता सहित सभी प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। हिंदी विभाग की सहायक आचार्य प्रो. अनीता के सानिध्य में विद्यार्थियों ने माह भर विभिन्न गतिविधियों का सफल आयोजन किया। उनके मार्गदर्शन में पंद्रह दिवसीय रचनात्मक लेखन कार्यशाला के अतिरिक्त सुलेख प्रतियोगिता, साहित्य अंताक्षरी, कविता लेखन एवं स्वरचित कविता पाठ जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. अनीता ने हिंदी विभाग के साथ-साथ अन्य संकायों के विद्यार्थियों को भी इन गतिविधियों से जोड़कर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला।






विद्यार्थियों ने सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि एवं प्राचार्या द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. पूजा शर्मा ने समापन उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए हिंदी भाषा के निरंतर प्रयोग एवं संवर्धन पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन हिंदी भाषा के प्रति सम्मान एवं हिंदी को दैनिक जीवन में अपनाने के संकल्प के साथ हुआ।

अमर उजाला

# पनारसा कॉलेज में हिंदी माह में करवाईं प्रतियोगिताएं

भुंतर (कुल्लू)। पनारसा कॉलेज में शनिवार को हिंदी माह के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कोटाधार के प्रधान ललित ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. उरसेम लता सहित सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

हिंदी विभाग की सहायक आचार्य प्रो. अनीता के सानिध्य में विद्यार्थियों ने पूरे माह विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस दौरान 15 दिवसीय रचनात्मक लेखन कार्यशाला के अलावा सुलेख प्रतियोगिता, साहित्य अंताक्षरी, कविता लेखन और स्वरचित कविता पाठ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। संवाद

